# सत्यनिष्ठा से बनेंगी मजबूत सिविल सेवाएं

## राष्ट्रपति ने लोक सेवा आयोगों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित

**हैदराबाद, 19 दिसंबर. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को भारत के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और राज्य लोक सेवा आयोगों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए सिविल सेवा भर्ती प्रक्रिया में ईमानदारी और पारदर्शिता तैयारी पर अधिक जोर देने का आह्वान किया.**

राष्ट्रपति ने यहां रामोजी फिल्म सिटी में लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि एक ऐसे मंच में भाग लेना सौभाग्य की बात है जो देश भर से यूपीएससी और राज्य लोक सेवा आयोगों के प्रमुखों को एक साथ लाता है. राष्ट्रपति ने केन्द्रीय और राज्य लोक सेवा आयोगों के योगदान का उल्लेख भी किया.



### कौशल की कमी को प्रशिक्षण के माध्यम से दूर करें

राष्ट्रपति ने कहा कि लोक सेवा आयोगों ने सरकारी प्रशासन में समानता, निष्पक्षता और व्यावसायिकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. इन संस्थानों के माध्यम से चयनित सिविल सेवाएं भारत के आर्थिक विकास, राजनीतिक स्थिरता और प्रशासन के लिए बहुत अहम रही हैं, जिससे संघ लोक सेवा आयोग देश के सबसे भरोसेमंद संस्थानों में से एक बन गया है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कौशल की कमी को प्रशिक्षण के माध्यम से दूर किया जा सकता है, लेकिन सत्यनिष्ठा की कमी ऐसी चुनौतियां पैदा करती है जिन पर काबू पाना मुश्किल है. ऐसे में भर्ती में सत्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए. लोक सेवा आयोगों को उम्मीदवारों के बीच नैतिक अभिविन्यास और संवेदनशीलता का आकलन करने के लिए बेहतर प्रक्रिया विकसित करनी चाहिए, विशेष रूप से समाज के हाशिए पर रह रहे और कमजोर वर्गों के प्रति. राष्ट्रपति ने भविष्य की चुनौतियों पर जोर देते हुए लोक सेवा आयोगों से उभरते तकनीकी मुद्दों का अनुमान लगाने, पारदर्शिता को मजबूत करने और भर्ती प्रक्रियाओं में दक्षता बढ़ाने का आह्वान किया.

# अदम्य साहस ने बदला इतिहास का रुख

**गोवा मुक्ति दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नमन**

**नई दिल्ली, 19 दिसंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा मुक्ति दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की और इसे भारत की राष्ट्रीय यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय बताया.**

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गोवा मुक्ति दिवस हमें हमारी राष्ट्रीय यात्रा के एक महत्वपूर्ण अध्याय की याद दिलाता है. हम उन लोगों के अदम्य साहस को याद करते हैं जिन्होंने अन्याय को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और साहस और दृढ़ विश्वास के साथ स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी. उन्होंने आगे कहा, उनके



बलिदान हमें गोवा की चौतरफा प्रगति की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं. इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन का नाम लोक भवन किए जाने की घोषणा की. उन्होंने उन स्वतंत्रता सेनानियों और गुमनाम नायकों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने औपनिवेशिक शासन का विरोध किया और ऑपरेशन विजय के माध्यम से 19 दिसंबर 1961 को गोवा को आजादी दिलायी.

राज्यपाल ने गोवा की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए साक्षरता, गोवा बियॉन्ड बीचेज पहल के तहत स्थायी और समावेशी पर्यटन, और खेल और सांस्कृतिक विकास में प्रगति जैसी उपलब्धियों का उल्लेख किया. उन्होंने क्लीन एनर्जी रोडमैप 2050 के माध्यम से हरित भविष्य के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया. उन्होंने गोवावासियों से एक समृद्ध, जीवंत और लचीले भविष्य की दिशा में काम करते हुए अतीत के बलिदानों का सम्मान करने का आग्रह किया, और न्याय, एकता और प्रगति के प्रति राज्य के समर्पण की पुष्टि की.

# दिल्ली के स्कूलों में लगेंगे एयर प्यूरीफायर

## प्रदूषण से बच्चों को बचाने शिक्षा मंत्री ने लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, 19 दिसंबर. राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को घोषणा की कि सरकार पहले चरण में सरकारी स्कूलों के 10,000 क्लासरूम में एयर प्यूरीफायर लगायेगी.**

इस योजना के लिये जल्दी ही निविदायें आमंत्रित की जायेंगी. सूद ने कहा कि इस पहल का मकसद छात्रों के लिए एक स्वस्थ माहौल सुनिश्चित करना है. उन्होंने कहा, स्मार्ट क्लास के साथ-साथ अब बच्चों को शुद्ध हवा भी मिलेगी. आने वाले चरणों में दिल्ली सरकार के स्कूलों के हर क्लास रूम में चरणबद्ध तरीके से एयर प्यूरीफायर



लगाए जाएंगे. उन्होंने कहा कि प्रशासन बच्चों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं करेगा. श्री सूद ने कहा, हम अपने बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहते और न ही किसी और को ऐसा करने देंगे. शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण सिर्फ एक मौसम या कुछ महीनों की समस्या नहीं है.

### छठे दिन एक्यूआई 387

राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण ने लोगों की सांसें रोक दी हैं. शुक्रवार को लगातार छठे दिन हवा बेहद खराब रही और एक्यूआई 387 दर्ज किया गया. शहर के आईटीओ, गाजीपुर, पालम और आनंद विहार समेत कई इलाकों में जहरीली धुंध छाई रही. खराब विजिबिलिटी के चलते आइजीआइ एयरपोर्ट पर 152 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, जबकि दर्जनों विमान और ट्रेनें घंटों देरी से चलीं. हालात को देखते हुए जीआरएपी -4 के तहत सख्त पाबंदियां लागू हैं.

# सीरियल रेपिस्ट को चौथी बार उम्रकैद

**बहराइच.** मासूम बच्चियों को घर से उठाकर दुष्कर्म करने के दोषी अविनाश पांडेय उर्फ सिंपल को चौथे और आखिरी मामले में भी उम्रकैद की सजा सुनाई गई. दोषी युवक पर 2.40 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. इससे पहले सीरियल रेपिस्ट को 24 सितंबर, 29 सितंबर व आठ अक्टूबर को उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है. इसके खिलाफ कुल चार मामले दर्ज हुए थे, जिसमें तीन में पहले सजा हो चुकी है. विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अरविंद कुमार गौतम ने चौथे मामले की सुनवाई की. अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता संत प्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की.

# भ्रष्टाचार मुक्त गोवा ही सच्ची श्रद्धांजलि

## गोवा मुक्ति दिवस पर अरविंद केजरीवाल का नया संकल्प

**गोवा, 19 दिसंबर. गोवा मुक्ति दिवस केवल अतीत की याद नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है.**

इस मौके पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने गोवावासियों को हार्दिक बधाई दी और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि गोवा की आज़ादी उन वीरों के बलिदान का परिणाम है, जिनके सपनों का गोवा आज भी ईमानदार शासन और जनकल्याण की राह देख रहा है. केजरीवाल ने मुक्ति दिवस को सुशासन और जवाबदेही से जोड़ते हुए एक नया संकल्प सामने रखा. आम आदमी पार्टी के



राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने गोवा मुक्ति दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए गोवावासियों को हार्दिक बधाई दी. उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किए गए संदेश में कहा कि गोवा की आज़ादी हमें केवल इतिहास नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी सौंपती है.

केजरीवाल ने लिखा कि आइए, हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देते हुए एक भ्रष्टाचार मुक्त गोवा के निर्माण का संकल्प लें. उन्होंने कहा कि सच्ची आज़ादी तभी सार्थक होगी, जब हर नागरिक को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ मिलें, बेहतर सड़कें हों और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध हों. उन्होंने गोवा के लोगों को अद्भुत बताते हुए कहा कि राज्य में अपार संभावनाएँ हैं, जिन्हें ईमानदार और पारदर्शी शासन के जरिए साकार किया जा सकता है.

# कैश फॉर क्वेरी मामले में मोइत्रा को राहत

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाई कोर्ट ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को बड़ी राहत दी है. दरअसल, हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को



मंजूर कर लिया और 2024 के कथित कैश-फॉर-क्वेरी मामले में लोकपाल द्वारा दी गई जांच की मंजूरी को रद्द कर दिया. कोर्ट ने लोकपाल को निर्देश दिया है कि वह इस मामले को एक महीने के अंदर दोबारा जांचकर नया फैसला ले. बता दें, दिल्ली हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर 21 नवंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें उन्होंने लोकपाल के 12 नवंबर के आदेश को चुनौती दी थी.

# वंदे मातरम् पर बवाल, हरियाणा विधानसभा में हुई हाथापाई

**सीएम नायब सैनी के नेहरू वाले बयान से भड़का सदन**

**चंडीगढ़, 19 दिसंबर. हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन वंदे मातरम् पर चर्चा के दौरान सदन में भारी हंगामा हो गया.**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संबोधन के बीच कांग्रेस विधायकों ने विरोध जताते हुए वेल में पहुंचकर नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद हालात इतने बिगड़े कि विधायकों और मार्शलों के बीच हाथापाई तक हो गई. स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने नियमों के उल्लंघन पर कांग्रेस के नौ विधायकों को नेम करते हुए सदन



से बाहर जाने का आदेश दिया. लंच के बाद चर्चा की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने वंदे मातरम् को राष्ट्रीय चेतना से जोड़ते हुए जवाहरलाल नेहरू का जिक्र किया, जिस पर कांग्रेस विधायक भड़क गए. नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा समेत कई विधायक वेल में बैठ गए और कार्यवाही ठप कर दी.


# कोडीन तस्करी की जांच में सपा का कनेक्शन!

**मुख्यमंत्री योगी ने कहा- सख्त कार्रवाई की जाएगी**

**लखनऊ, 19 दिसम्बर. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि इस संबंध में गलत तरीके से तस्करी के पुख्ता सबूत सामने आए हैं, जिसके बाद सरकार ने सख्त कार्रवाई की है.**

इस मामले में बड़े स्तर पर गिरफ्तारियां भी की गई हैं. मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जिन लोगों को पकड़ा गया है, उनके संबंध समाजवादी पार्टी (सपा) से हैं.

समाजवादी पार्टी बार-बार वही गलती करती है. धूल चेहरे पर होती है और साफ आईने को किया जाता है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह भी दोहराया कि राज्य सरकार नशे और अवैध तस्करी के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही है और दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. ग़ौरतलब है कि एक दिन पहले ही समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर करोड़ों रुपये के कोडीन-युक्त कफ सिरप की अवैध आपूर्ति में संलिप्त लोगों को बचाने का आरोप लगाया था. यादव ने सपा विधायकों की बैठक के बाद यहां पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा के आने वाले सत्र में उठाए जाने वाले कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें कथित कोडीन और कफ सिरप रैकेट एक बड़ी चिंता का विषय था.



हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा. योगी ने कहा, इस बारे में तभी कुछ कहा जाएगा जब जांच पूरी हो जाएगी. जांच पूरी होने दीजिए, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा. उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कोई नई बात नहीं है. मुख्यमंत्री ने कहा कि हर अपराधी के संबंध सपा से होते हैं.

# चुराचांदपुर से 16 आईईडी बरामद, सर्चिंग अभियान तेज

**मणिपुर में उग्रवादियों पर सुरक्षा बलों की सख्ती**

**इंफाल, 19 दिसंबर. सुरक्षा बलों ने मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के आसपास तलाशी अभियान तेज कर दिया है जहां से कुकी उग्रवादियों ने आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों पर समन्वित हमला किया था.**

बिष्णुपुर जिले के एक गांव पर कुकी उग्रवादियों ने बमों से हमला किया था लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है. मणिपुर पुलिस ने इस मामले में फिलहाल एफआईआर दर्ज की है. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने गुरुवार को



चुराचांदपुर जिले के चुराचांदपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कांगवाई क्षेत्र के लुंगदेइफाई लीनोम गांव में 16 लावारिस पेस्ट जैसा आईईडी बरामद किया. बम निरोधक दस्ते ने इन आईईडी को निष्क्रिय कर दिया. सुरक्षा बलों ने एलएम ब्लॉक, याओलेन चेपु व लामलाई चिंगफेई क्षेत्र में 119 एकड़ में फैले अफीम के बागानों को भी नष्ट कर दिया.

### आज का इतिहास

1783 जॉर्जिया को रूस का संरक्षक बनाया गया।
1830 चिली में दास प्रथा समाप्त कर दी गई।
1834 पुर्तगाल में लिबरल युद्ध समाप्त हुआ।
1870 अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत हुई।
1911 भारत के प्रसिद्ध बाँसुरी वादक पन्नालाल घोष का जन्म।
1937 प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता मनोज कुमार का जन्म।
1944 300 लड़ाकू विमानों ने जर्मनी पर बम गिराए।
1945 बंगलोर स्थित विप्रो कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष अज़ीम प्रेमजी का जन्म।

# आतंकवादी हमले में उजड़े 61 परिवार

**सिडनी/कैनबरा,दिल्ली, कश्मीर 19 दिसंबर. दुनिया एक बार फिर आतंकवाद के साये में कांप उठी.**

सिडनी के बॉन्डी बीच से लेकर कश्मीर के पहलगाम और दिल्ली के लाल किले तक, 61 शव खून से सने ये हमले सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि 61उजड़े परिवारों, टूटे सपनों और डगमगाती सुरक्षा व्यवस्थाओं की कहानी हैं. कहीं हनुक्का के जश्न में यहूदी समुदाय को निशाना बनाया गया, कहीं पर्यटकों से धर्म पूछकर गोलियां चलीं, तो कहीं रोज़ी-रोटी के लिए निकले लोग धमाके का शिकार बने. इन घटनाओं ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा किया है क्या दुनिया आतंकवाद को एक समान नजर से देख पा रही है, या दर्द का पैमाना देशों के हिसाब से बदल जाता है?

**राउंड 2025 अप**

### कश्मीर में हुए हमले में गई 26 लोगों की जान



22 अप्रैल 2025 को पहलगाम के बैसरन में आतंकवादी हमले ने जम्मू-कश्मीर और देशभर को झकझोर दिया. पाकिस्तान से सहायता प्राप्त आतंकवादियों ने लोगों से उनका धर्म पूछकर 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या की. यह हमला स्पष्ट रूप से सांप्रदायिक हिंसा भड़काने और भारत को अंदर से विभाजित करने की कोशिश थी.स्थानीय लोगों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस और सुरक्षा बल घटनास्थल पर एक घंटे बाद पहुँचे. घटनास्थल पर पहले स्थानीय घोड़ा चालक एसोसिएशन के प्रमुख अब्दुल वहीद वानी पहुँचे, जिन्होंने खून में लथपथ पर्यटकों और मौत का दृश्य देखा. बैसरन पूरे साल पर्यटकों के लिए खुला रहता था लेकिन सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम केवल अमरनाथ यात्रा के दौरान किए जाते थे.

### सिडनी के हनुक्का के जश्न में 15 की मौत

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में 14 दिसंबर 2025 को हुए बॉन्डी बीच आतंकी हमले ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया. हनुक्का त्योहार के दौरान यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किए गए इस हमले में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए. घटना को ऑस्ट्रेलिया में हाल के वर्षों का सबसे गंभीर यहूदी-विरोधी आतंकी हमला माना जा रहा है, जिसने देश की आंतरिक सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए. ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर 14 दिसंबर 2025 को हुए आतंकवादी हमले में 15 निर्दोष लोगों की जान चली गई व 40 से अधिक घायल हो गए. हमला हनुक्का पर्व के दौरान यहूदी समुदाय के कार्यक्रम को निशाना बनाकर किया गया. मुख्य हमलावर की पहचान साजिद अकरम के रूप में हुई.

### लाल किला ब्लास्ट में 9 लोगों ने जान गंवाई



दिल्ली के लाल किला इलाके में हुआ आतंकी धमाका सिर्फ एक सुरक्षा चूक नहीं था, बल्कि उन परिवारों के लिए जीवनभर का जख्म बन गया, जिन्होंने अपने अपनों को खो दिया. 9 लोगों की मौत और 20 से अधिक घायलों के साथ यह हमला राजधानी के दिल पर सीधा वार था. टैक्सी चालक, दुकानदार, डीटीसी कर्मचारी—सभी अपने रोज़मर्रा के काम के लिए निकले थे, लेकिन एक धमाके ने उनकी दुनिया हमेशा के लिए उजाड़ दी. सोमवार शाम करीब 6.50 बजे लाल किला के पास हुए भीषण विस्फोट ने दिल्ली को दहला दिया. एक कार में हुए धमाके में 9 निर्दोष लोगों की जान चली गई. मरने वालों में बिहार के टैक्सी चालक पंकज सैनी, शामली के दुकानदार नोमान, डीटीसी कंडक्टर अशोक कुमार और श्रावस्ती के दिनेश कुमार मिश्रा शामिल थे.

# मनरेगा की वापसी के लिए बनाएंगे राष्ट्र व्यापी मोर्चा : राहुल

**नई दिल्ली, 19 दिसंबर.** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि उसने संसदीय परंपराओं को ध्वस्त कर मनरेगा की जगह लेने वाला वीबी जी राम जी विधेयक संसद में जबरदस्ती पारित कर करोड़ों लोगों की उम्मीदों पर पानी फेरा है इसलिए कांग्रेस पार्टी सरकार के इस कदम के खिलाफ लड़ेगी और राष्ट्रव्यापी मोर्चा बनाएगी. लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि ग्रामीण भारत की उम्मीदों को खत्म करने वालीसरकार की इस योजना को कामयाब नहीं होने देंगे और जिन लोगों को आर्थिक रूप से कमजोर करने की साजिश हुई है उनके साथ खड़े होकर सरकार पर मनरेगा की



वापसी करने के लिये दबाव बनाएंगे. राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कल रात, मोदी सरकार ने एक ही दिन में बीस साल की मनरेगा को ध्वस्त कर दिया. वीबी जी राम जी का पुनर्गठन नहीं किया है. ये पूरी तरह अधिकार आधारित, मांग- प्रेरित गारंटी को खत्म करता है जो इसे दिल्ली से नियंत्रित एक सामान्य योजना में बदल देता है.


# नॉर्थ कैरोलिना में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त

**स्टेट्सविले, 19 दिसंबर.** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना स्थित एक क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर एक छोटा विमान उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस घटना में कई लोगों की मौत की आशंका है. विमानन अधिकारियों ने बताया कि इस सेसना सी550 विमान में छह लोग सवार थे. यह कॉर्पोरेट जेट स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग सवा दस बजे स्टेट्सविले रीजनल एयरपोर्ट पर दुर्घटना का शिकार हो गया. हवाई अड्डे के निदेशक जॉन फर्ग्यूसन ने बताया कि जब वह घटनास्थल पर पहुंचे, तब विमान आग की लपटों में घिरा हुआ था. विमान रनवे के पूर्वी छोर पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ. मलबे को हटाने और जांच के लिए स्टेट्सविले हवाई अड्डे को अगले आदेश तक बंद कर दिया.

# ट्रम्प ने वार्षिक रक्षा नीति विधेयक पर कानूनी तौर पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन, 19 दिसंबर. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वित्त वर्ष 2026 के लिए वार्षिक राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम पर कानूनी तौर पर हस्ताक्षर कर दिए.**

साथ ही 901 अरब डॉलर का यह रक्षा नीति विधेयक आधिकारिक रूप से कानून बन गया. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को वार्षिक रक्षा नीति विधेयक पर कानूनी तौर पर हस्ताक्षर कर दिए है. अमेरिकी सीनेट ने बुधवार को वित्त वर्ष 2026 के लिए 901 अरब डॉलर का राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम (एनडीएए) पास कर दिया. इस विधेयक को सीनेट में 77-20 और हाउस में 312-112



वोटों से मंजूरी मिली, इसमें सेना के जवानों की सैलरी में 3.8-4 प्रतिशत की बढ़ोतरी, हथियारों के उत्पादन को बढ़ावा देना और यूक्रेन के लिए हथियारों के लिए सालाना 400 मिलियन डॉलर मंजूर करना शामिल है. विधेयक में सहयोगी देशों से सलाह-मशविरा करके यूरोप और दक्षिण कोरिया में अमेरिकी सैनिकों की संख्या को भी बनाए रखा जाएगा.

**मौसम** | **दृश्यता कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित**

# बिहार-यूपी में कोहरे का कहर, अलर्ट जारी

**लखनऊ/पटना, 19 दिसंबर. उत्तर भारत में सर्दी ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है. बिहार और उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्से घने से बहुत घने कोहरे की चपेट में हैं, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है.**

मौसम विभाग ने बिहार के 33 जिलों में येलो और ऑरेंज अलर्ट, जबकि उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. दृश्यता बेहद कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हो रहा है. मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की



चेतावनी दी है. बढ़ते ठंड और कोहरे को लेकर मौसम विभाग ने राज्य के 17 जिलों के लिये यलो अलर्ट और 16 जिलों के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. विभाग के अनुसार अगले कई दिनों तक घना से बहुत घना कोहरा छाये रहने की संभावना है, जिससे दृश्यता बेहद कम हो सकती है और यातायात सेवायें प्रभावित होंगी. कुल मिलाकर बिहार में ठंढ और कोहरे ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है.

उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्से में शुक्रवार को घने से बहुत घने कोहरे की चादर छाई रही, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ. मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए अगले दो से तीन दिनों तक शीत से लेकर भीषण शीत दिवस की चेतावनी दी है. मध्य भारत में एंटी-साइक्लोनिक सर्कुलेशन और उत्तर भारत के ऊपर सक्रिय ट्रॉपिकल वेस्टरली जेट स्ट्रीम के प्रभाव से कोहरा और अधिक घना हो गया है.

# निफ्ट ने परीक्षा के लिए आवेदन शुल्क घटाया

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) ने फैशन डिजाइन, प्रबंधन और प्रौद्योगिकी के विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में वर्ष 2026-27 बैच के लिए प्रवेश परीक्षा के आवेदन शुल्क में कटौती करते हुये नये शुल्क की घोषणा की है. निफ्ट ने नये सत्र के पाठ्यक्रमों की प्रक्रिया शुरू करने के साथ ही यह घोषणा की है. वर्ष 2026-27 बैच के लिए, शुल्क 3,000 रुपये से घटाकर 2,000 रुपये कर दिया गया है, जो ओपन, ओबीसी (एनसीएल) के लिए है और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए शुल्क 1,500 रुपये से घटाकर 500 रुपये कर दिया गया है.